# नेपा लिमिटेड में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया

**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर।** नेपानगर में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कारखाना परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित इस कार्यक्रम का सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा शुभारंभ किया गया। उपस्थित अफसर कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यस्थल हो या फिर कोई स्थान,सुरक्षा बरतना बेहद जरूरी हो जाता है। सुरक्षा दिवस,इस बात की प्रेरणा देता है कि, आप किस जगह पर कैसे खुद को सुरक्षित रख सकते है। उन्होंने नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य प्राप्ति हेतु औद्योगिक संरक्षा विभाग को बधाई प्रेषित करते हुएं सभी को सुरक्षा के उपकरण उपयोग करने हेतु आव्हान किया। उन्होंने सभी को आगाह करते हुए कहा कि आमतौर पर लापरवाही और अतिआत्मविश्वास से दुर्घटनाएं घटित होती हैं। जिससे न केवल व्यक्ति और परिवार की अपितु, राष्ट्र की भी क्षति होती हैं अत: सुरक्षा हमारे आचरण में इस कदर शामिल हो जानी चाहिए कि लापरवाही का कोई नामो निशान न रह पाएं। मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर जागरूकता और व्यापक इंतजाम के लिए नेपा लिमिटेड के चिकित्सा विभाग और सुरक्षा एवं अग्निशमन विभाग की प्रतिबद्धता के प्रति संतोष व्यक्त करते हुएं कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि इसे हर दिन की आदत की आवश्यकता है। सुरक्षा का पालन करके न केवल हम स्वयं सुरक्षित रह सकते हैं, बल्कि अपने मित्र और समाज को भी सुरक्षित बना सकते हैं इसलिए,हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सुरक्षा का ध्यान रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा प्रशांत सोनी ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाने की शुरुआत 1972 में हुई थी। 4 मार्च 1966 को श्रम मंत्रालय द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक स्थायी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा परिषद की स्थापना की। इसके चलते हर साल 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। सुरक्षा को अपनाकर हर कोई सुरक्षित जीवन जी सकता हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे बताया कि कि हर साल की तरह इस साल भी नेपा लिमिटेड ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर सुरक्षा सप्ताह आयोजन किया जिसमें सप्ताह भर स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है को लेकर संस्थान में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के मध्य एक नारा प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें सतर्कता विभाग के युवराज मोदी को प्रथम,सेल्स गोडाउन के सुरेन्द्र खांडेकर को द्वितीय और नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के वेदांत वाघमारे को तृतीय पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। इस दौरान उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता,वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े,वरिष्ठ प्रबंधक अनुरक्षण ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद त्यागी, प्रबंधक उत्पादन केके देशमुख,प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव,प्रबंधक विपणन प्रशांत बैथालू, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन,प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा,प्रबंधक यांत्रिकी विजय चौधरी,नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल,उप प्रबंधक डीआईपी देवेंद्र महोबे,उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतन्त्र कुमार कसेरा, उप प्रबंधक यांत्रिकी सुनील कुलथे,उप प्रबंधक अनुरक्षण पिंटू कुमार,सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल कुमार करोले, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल,निलेश पाटिल,डीपी मिश्रा, गजानन यादव,अनीस मंसूरी,ईशान व्यास, संगीता लाल सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा प्रशांत सोनी ने किया,आभार जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने माना।






दैनिक भास्कर बुरहानपुर 05-03-2025

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर कार्यक्रम में कर्मचारियों से सीएमडी ने कहा-

# सुरक्षा हमारे आचरण में इस कदर शामिल हो कि लापरवाही का नामो निशान न रहे

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कारखाना परिसर के मुख्य द्वार पर हुए कार्यक्रम की शुरुआत सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने की। अफसर-कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यस्थल हो या फिर कोई स्थान सुरक्षा बरतना बेहद जरूरी होता है। सुरक्षा दिवस इस बात की प्रेरणा देता है कि आप किस जगह पर कैसे खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।

उन्होंने नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य प्राप्ति के लिए औद्योगिक संरक्षा विभाग से सुरक्षा के उपकरण उपयोग करने की अपील की। कहा- आमतौर पर लापरवाही और अति आत्मविश्वास से दुर्घटनाएं घटित होती है। इससे न केवल व्यक्ति और परिवार, बल्कि राष्ट्र की भी क्षति होती है। इसलिए सुरक्षा हमारे आचरण में इस कदर शामिल हो जानी चाहिए कि लापरवाही का कोई नामो निशान न रह पाए। इस दौरान उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक अनुरक्षण ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद त्यागी, प्रबंधक उत्पादन केके देशमुख, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर बोलते हुए सीएमडी राकेश कुमार चोखानी।

### सुरक्षा एक दिन तक सीमित नहीं, हर दिन की आवश्यकता

मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने कहा- राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हर दिन की आदत और आवश्यकता बनाएं। सुरक्षा का पालन करके न केवल हम स्वयं सुरक्षित रह सकते हैं, बल्कि अपने, मित्र और समाज को भी सुरक्षित बना सकते हैं। इसलिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सुरक्षा का ध्यान रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### सुरक्षा दिवस मनाने की शुरुआत 1972 में हुई थी

सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा प्रशांत सोनी ने कहा- राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाने की शुरुआत 1972 में हुई थी। 4 मार्च 1966 को श्रम मंत्रालय द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक स्थायी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा परिषद की स्थापना की। इसके चलते हर साल 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। सुरक्षा को अपनाकर हर कोई सुरक्षित जीवन जी सकता हैं।

### जागरूकता कार्यक्रम किए आयोजित

सप्ताहभर स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है, को लेकर संस्थान में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के मध्य एक नारा प्रतियोगिता भी करवाई गई। इसमें सतर्कता विभाग के युवराज मोदी को प्रथम, सेल्स गोडाउन के सुरेंद्र खांडेकर को द्वितीय और नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के वेदांत वाघमारे को तृतीय पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया।

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

सुरक्षा दिवस

## नेपा लिमिटेड में कर्मचारियों को बधाई देते हुए बोले सीएमडी

# सुरक्षा आचरण में शामिल हो ताकि दुर्घटनाओं को शून्य बना सकें

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगर:** नेपा लिमिटेड में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। सीएमडी राकेश चोखानी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल कोई भी हो, सुरक्षा बरतना बेहद जरूरी है। आमतौर पर लापरवाही और अति आत्मविश्वास से दुर्घटनाएं घटित होती हैं। जिससे न केवल व्यक्ति और परिवार की अपितु राष्ट्र की भी क्षति होती है। सुरक्षा हमारे आचरण में शामिल होनी चाहिए ताकि दुर्घटनाओं को शून्य बनया जा सके। उन्होंने नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य प्राप्ति के लिए औद्योगिक संरक्षा विभाग को बधाई देते हुए सभी को सुरक्षा उपकरण उपयोग करने का आग्रह किया।

मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर जागरूकता और व्यापक इंतजाम के लिए नेपा लिमिटेड के चिकित्सा विभाग और सुरक्षा एवं अग्निशमन विभाग की प्रतिबद्धता पर संतोष जताया। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए। सहायक प्रबंधक प्रशांत सोनी ने कहा कि इस दिवस की शुरुआत 1972 में हुई थी। चार मार्च 1966 को श्रम मंत्रालय द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक स्थाई आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा परिषद की स्थापना की गई थी।



सुरक्षा दिवस पर कर्मचारियों को संबोधित करते सीएमडी राकेश चोखानी। • नईदुनिया

**नारे के लिए युवराज, सुरेंद्र और वेदांत हुए सम्मानित:** जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि सप्ताह भर स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है को लेकर संस्थान में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के मध्य एक नारा प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें सतर्कता विभाग के युवराज मोदी को प्रथम, सेल्स गोडाउन के सुरेंद्र खांडेकर को द्वितीय और वेदांत वाघमारे को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उपमहाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधकद्वय यमंत कानफाड़े, ज्ञानेश्वर खैरनार आदि मौजूद थे।

## भाकिसं ने मनाया स्थापना दिवस, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



किसान संघ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी।

**बुरहानपुर:** भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को अपना स्थापना दिवस मनाया। संघ का गठन चार मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा शहर मे हुआ था। इस साल 47वां स्थापना दिवस समर्पण दिवस के रूप मे कृषि उपज मंडी शनवारा मे मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत से श्याम सिंह पवार प्रांत युवा वाहिनी संयोजक सम्मिलित हुए। इसके बाद जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें ग्राम पंचायत अंबा के घनबेडी सुक्ता नदी पर तालाब निर्माण के अलावा 11 बिंदुओं की किसान संबंधी समस्याएं शामिल थी। पदाधिकारियों ने उनके निराकरण की मांग की। जिला बैठक में अध्यक्ष संतोष महाजन, मंत्री इंद्रपाल महाजन, सह मंत्री वसंत पाटिल, खकनार तहसील अध्यक्ष राजू प्रजापति, अनार सिंह चौहान, राजू पाटिल, भगवान सिंह चौहान, महेंद्र निराले, मीडिया प्रभारी प्रवीण चौधरी आदि उपस्थित थे।

पत्रिका

नेपा मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया

सुरक्षा दिवस प्रेरणा देता है कि आप किस जगह पर कैसे खुद को रखते हैं सुरक्षित

# लापरवाही और अति आत्मविश्वास से होती है दुर्घटनाएं : सीएमडी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**नेपानगर.** कार्यस्थल हो या फिर कोई स्थान, सुरक्षा बरतना बेहद जरूरी हो जाता है। सुरक्षा दिवस इस बात की प्रेरणा देता है कि आप किस जगह पर कैसे खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। यह बात नेपा मिल सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने कही।

नेपा लिमिटेड में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कारखाना परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आमतौर पर लापरवाही और अति आत्मविश्वास से दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे न केवल व्यक्ति और परिवार, बल्कि राष्ट्र की भी क्षति होती है। इसलिए सुरक्षा हमारे आचरण में इस कदर शामिल हो जानी चाहिए कि लापरवाही का कोई नामो निशान न रह पाए।

मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हर दिन की आदत और आवश्यकता बनाएं। सुरक्षा का पालन करके न केवल हम स्वयं सुरक्षित रह सकते हैं, बल्कि अपने, मित्र और समाज को भी सुरक्षित बना सकते हैं। इसलिए हर नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह सुरक्षा का ध्यान रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा प्रशांत सोनी ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाने की शुरुआत 1972 में हुई थी। 4 मार्च 1966 को श्रम मंत्रालय द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक स्थायी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा परिषद की स्थापना की। इसके चलते हर साल 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है।

### सप्ताह भर हुए विभिन्न कार्यक्रम

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम हुए। इस वर्ष की थीम सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है। इसे लेकर प्रतियोगिता भी कराई, जिसमें सतर्कता विभाग के युवराज मोदी को प्रथम, सेल्स गोडाउन के सुरेन्द्र खांडेकर को द्वितीय और नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के वेदांत वाघमारे को तृतीय पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया।

05/03/2025 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

# भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

जन जागरण संदेश



**सदाकत अंसारी/नेपानगर।** भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपाली लिमिटेड कारखाना परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नेपा मिल कारखाना परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित इस कार्यक्रम का नेपा लिमिटेड सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर उपस्थित अफसर कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यस्थल हो या फिर कोई स्थान, सुरक्षा बर्तना बेहद जरूरी हो जाता है। सुरक्षा दिवस, इस बात की प्रेरणा देता है कि, आप किस जगह पर कैसे खुद को सुरक्षित रख सकते है। उन्होंने नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य प्राप्ति हेतु औद्योगिक संरक्षा विभाग को बधाई प्रेषित करते हुएं सभी को सुरक्षा के उपकरण उपयोग करने हेतु आव्हान किया। उन्होंने सभी को आगाह करते हुए कहा कि आमतौर पर लापरवाही और अतिआत्मविश्वास से दुर्घटनाएं घटित होती हैं जिससे न केवल व्यक्ति और परिवार की अपितु, राष्ट्र की भी क्षति होती हैं अत सुरक्षा हमारे आचरण में इस कदर शामिल हो जानी चाहिए कि लापरवाही का कोई नामो निशान न रह पाएं। नेपा लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर जागरूकता और व्यापक इंतजाम के लिए नेपा लिमिटेड के चिकित्सा विभाग और सुरक्षा एवं अग्निशमन विभाग की प्रतिबद्धता के प्रति संतोष व्यक्त करते हुएं कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हर दिन की आदत की आवश्यकता है। सुरक्षा का पालन करके न केवल हम स्वयं सुरक्षित रह सकते हैं, बल्कि अपने, मित्र और समाज को भी सुरक्षित बना सकते हैं। इसलिए, हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सुरक्षा का ध्यान रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। नेपा लिमिटेड सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा प्रशांत सोनी ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाने की शुरुआत 1972 में हुई थी। 4 मार्च 1966 को श्रम मंत्रालय द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक स्थायी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा परिषद की स्थापना की। इसके चलते हर साल 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। सुरक्षा को अपनाकर हर कोई सुरक्षित जीवन जी सकता हैं। नेपा लिमिटेड जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे बताया कि कि हर साल की तरह इस साल भी नेपा लिमिटेड ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर "सुरक्षा सप्ताह" आयोजन किया जिसमें सप्ताह भर स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम "सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है" को लेकर संस्थान में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के मध्य एक नारा प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें सतर्कता विभाग के युवराज मोदी को प्रथम, सेल्स गोडाउन के सुरेन्द्र खांडेकर को द्वितीय और नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के वेदांत वाघमारे को तृतीय पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। इस दौरान उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक अनुरक्षण ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद त्यागी, प्रबंधक उत्पादन केके देशमुख, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, प्रबंधक विपणन प्रशांत बैथालू, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक यांत्रिकी विजय चौधरी, नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल, उप प्रबंधक डीआईपी देवेंद्र महोबे, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतन्त्र कुमार कसेरा, उप प्रबंधक यांत्रिकी सुनील कुलथे, उप प्रबंधक अनुरक्षण पिंटू कुमार, सहायक प्रबंधक पावर हाउस अनिल कुमार करोले, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, निलेश पाटिल, डीपी मिश्रा, गजानन यादव,अनीस मंसूरी, ईशान व्यास, संगीता लाल सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा प्रशांत सोनी ने किया, आभार जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने माना।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 5 Mar 2025

# नेपा मिल में मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कारखाना परिसर के मुख्य द्वार पर आयोजित इस कार्यक्रम का सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा शुभारंभ किया गया।

उपस्थित अफसर कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, कार्यस्थल हो या फिर कोई स्थान सुरक्षा बरतना बेहद जरूरी हो जाता है। सुरक्षा दिवस इस बात की प्रेरणा देता है कि आप किस जगह पर कैसे खुद को सुरक्षित रख सकते है। उन्होंने नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य प्राप्ति के लिए औद्योगिक संरक्षा विभाग से सुरक्षा के उपकरण उपयोग करने की अपील की।

मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हर दिन की आदत और आवश्यकता बनाएं। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया संस्थान में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के मध्य एक नारा प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें सतर्कता विभाग के युवराज मोदी को प्रथम, सेल्स गोडाउन के सुरेन्द्र खांडेकर को द्वितीय और नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के वेदांत वाघमारे को तृतीय पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया।

इस दौरान सुरेंद्र मेहता, सुमंत कानफाड़े, ज्ञानेश्वर खैरनार, अरविंद त्यागी, केके देशमुख, राजेंद्र जाधव, प्रशांत बैथालू, किशोर महाजन, सीएल वर्मा, विजय चौधरी, डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल, सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।